22 अगस्त 2022

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- भारत में 2021-22 में 315,72 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन होने की संभावना है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.6% अधिक है।?
- मूडी ने चीन के 2022 के विकास के अनुमान को 4.5% से घटाकर 3.5% कर दिया।
- जुलाई में चीन को सोने का स्विस निर्यात दिसंबर 2016 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जून में 32.5 टन से बढ़कर 80.1 टन सोना भेज दिया गया।
- यूरोप इस साल के अंत तक अपने रूसी तेल आयात में 90% की कटौती करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।
- एलएमई ने ब्रिटेन में अपने स्वीकृत गोदामों से रूसी निकल पर प्रतिबंध लगा दिया, जब तक कि इसे 20 जुलाई से पहले निर्यात नहीं किया गया था।
- संयुक्त संगठन डेटा इनिशिटिव के आंकड़ों से पता चलता है कि सऊदी अरब के कच्चे तेल का निर्यात जून में बढ़ा, जबकि उत्पादन बढ़कर दो साल से अधिक हो गया ।
- नीरस्टार 1 सितंबर से नीदरलैंड के बुडेल में अपने जिंक स्मेल्टिंग ऑपरेशन को देखभाल और रखरखाव पर रखेगा।
- अर्न्स्ट एंड यंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में समाप्त पांच वर्षों में 50 बड़ी कंपनियों के पास अमेरिकी तेल भंडार में 13% की वृद्धि हुई।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	11.08.22	18.08.22	बदलाव (%)
जीरा	24,030.00	25,395.00	5.68%
कॉटन	43,740.00	46,030.00	5.24%
ग्वारगम 5 एमटी	8,358.00	8,685.00	3.91%
कपास	2,151.50	2,235.50	3.90%
धान बासमती	4,376.00	4,523.00	3.36%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	11.08.22	18.08.22	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	699.20	741.70	6.08%
कॉटन	49060.00	50540.00	3.02%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	11.08.22	18.08.22	बदलाव (%)
जौ	3,112.50	3,015.50	-3.12%
बाजरा	2,199.00	2,149.00	-2.27%
ग्वारसीड	4,745.00	4,725.00	-0.42%
स्टील	53,010.00	52,970.00	-0.08%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	11.08.22	18.08.22	बदलाव (%)
जिंक	327.30	314.70	-3.85%
एल्युमीनियम	218.15	210.80	-3.37%
चांदी	58377.00	56443.00	-3.31%
निकल	1941.50	1885.00	-2.91%
कच्चा तेल	7477.00	7269.00	-2.78%

साप्ताहिक समीक्षा

कमोडिटीज का कारोबार ज्यादातर कुछ नरमी के रूझान के साथ एक दायरे में हुआ और सीआरबी इंडेक्स 310 के स्तर पर बंद हुआ। डॉलर इंडेक्स को 105.5 के पास सपोर्ट लिया और 108 के पास बंद हुआ जिससे कमोडिटीज पर दबाव पड़ा। ऊर्जा काउंटर में, कच्चे तेल की कीमतों में ठंडक आई गिरावट हुई जबकि नेचुरल गैस की कीमतों में फिर से आग लग गई। संयुक्त राज्य अमेरिका में कम होते भंडार के बावजूद रूस से बढ़ते उत्पादन और संभावित वैश्विक मंदी के बारे में चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट हुई। सख्त कोविड-19 लॉकडाउन और ईंधन निर्यात नियंत्रण से उत्पादन पर अंकुश लगाने के कारण जुलाई में चीन का रिफाइनिंग उत्पादन कमजोर रहा। कच्चे तेल के भंडार में गिरावट की खबरों को बाजार ने नजरअंदाज किया । ईआईए के अनुसार 12 अगस्त को समाप्त सप्ताह में अमेरिकी कच्चे तेल का स्टॉक 7.1 मिलियन बैरल कम हो गया जबकि अनुमान 275,000-बैरल की गिरावट का था, क्योंकि निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 5 मिलियन बैरल प्रति दिन हो गया । बढ़ती चिंताओं के बीच अमेरिकी नेचुरल गैस की कीमतें लगभग 15 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई क्योंकि ईंधन की मजबूत घरेलू और विदेशी मांग के कारण आपूर्ति के बंद जाने की आशंका है या सर्दियों के लिए कम हो जाएगी। यूरोपीय खरीदार अमेरिकी कीमत का लगभग सात गुना भुगतान करने को तैयार हैं। गैस की अतिरिक्त आपूर्ति के लिए प्रतिस्पर्धा भयंकर होगी। फेडरल रिजर्व की जुलाई की बैठक के मिनट के बाद बुलियन काउंटर ने अपनी कुछ ताकत खो दी, जिसमें दिखाया गया था कि अधिकांश सदस्यों ने मुद्रास्फीति को कम करने के लिए दरों में अधिक बढ़ोतरी का समर्थन किया था। डॉलर में मजबूती का असर ज्यादातर धातु कीमतों पर पड़ा। बेस मेटल की कीमतों में गिरावट हुई क्योंकि चीनी संपत्ति डेवलपर ने मांग को लेकर अधिक चिंता जताई। चीन के अचल संपत्ति बाजार में बढ़ती मंदी से देश में व्यापक आर्थिक गतिविधियों के प्रभावित करने की संभावना है, जो बदले में वस्तुओं की मांग को प्रभावित कर सकती है। जिंक की कीमतों में तेजी दर्ज की गई क्योंकि नीरस्टार नीदरलैंड के बुडेल में अपने जिंक स्मेल्टिंग ऑपरेशन को 1 सितंबर से देखभाल और रखरखाव के लिए बंद करेगा । लेकिन इसने सप्ताह के बाद के हिस्से में अपना साप्ताहिक बढ़त गवां दिया।

कृषि कमोडिटीज में, कॉटनऑयलसीड्सकेक की कीमतों को 2850 के स्तर के पास रेजिस्टेंस देखा गया और वहां से मुनाफावसूली देखी गई जबकि कॉटन में बड़ी तेजी देखी गई। अमेरिका में प्रमुख कपास उत्पादक क्षेत्र में मौजूदा मौसम की चिंताओं के बीच आईसीई कॉटन वायदा कीमतों में तेजी से भी घरेलू कीमतों में बढ़त दर्ज की गई। मेंथाऑयल कमजोर हाजिर मांग के कारण 980 के स्तर के समर्थन से नीचे टूट गया। मजबूत घरेलू मांग के कारण कैस्टरसीड ने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन कैस्टर तेल की सीमित निर्यात मांग और गुजरात और राजस्थान में अरंडी के बढ़ते उत्पादन क्षेत्र के कारण बढ़त सीमित रही। ग्वार काउंटर पर, ग्वारसीड की कीमतों में अधिक गिरावट देखी गई जबकि ग्वारगम की कीमतों में भी गिरावट हुई। राजस्थान में ग्वार सीड का रकबा 10 अगस्त 22 को 30 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जो पिछले साल के 17.9 लाख हेक्टेयर की तुलना में 76 फीसदी अधिक है। मसालों में जीरा ने 25480 की ऐतिहासिक ऊंचाई हासिल की, जबकि हल्दी में निचले स्तर की जोरदार खरीदारी हुई। धनिया की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	10.08.22	18.08.22	(%)
जौ	जयपुर	3,094.60	3,000.00	-3.06
चना	दिल्ली	5,000.00	4,992.75	-0.15
धनिया	कोटा	11,938.45	11,995.30	0.48
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,147.10	1,080.40	-5.81
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,289.80	1,295.50	0.44
ग्वारसीड	जोधपुर	4,793.10	4,788.20	-0.10
ग्वारगम	जोधपुर	8,504.95	8,830.90	3.83
जीरा	ऊंझा	23,715.05	24,645.50	3.92
सरसों	जयपुर	6,914.55	6,902.85	-0.17
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,275.00	1,250.00	-1.96
सोयाबीन	इंदौर	6,428.40	6,164.15	-4.11
हल्दी	निजामाबाद	7,495.95	7,509.45	0.18
गेहूं	दिल्ली	2,491.25	2,526.85	1.43
कॉटन	कड़ी	43,025.85	46,372.35	7.78
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,842.30	2,900.80	2.06

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	11.08.22	18.08.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2,520.50	2,403.00	-4.66
तांबा	LME	नकद	8,173.00	8,031.50	-1.73
लेड	LME	नकद	2,199.00	2,072.50	-5.75
निकल	LME	नकद	23,659.00	21,780.00	-7.94
जिंक	LME	नकद	3,686.50	3,472.50	-5.80
सोना	COMEX	अक्टूबर	1,792.10	1,756.50	-1.99
चांदी	COMEX	सितम्बर	20.35	19.46	-4.35
लाइट क्रूड	NYMEX	सितम्बर	94.34	90.50	-4.07
नेचुरल गैस	NYMEX	सितम्बर	8.870	9.188	3.59

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	11.08.22	18.08.22	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	सितम्बर	15.20	14.95	-1.64
सोया तेल	CBOT	दिसम्बर	69.30	66.26	-4.39
कॉटन	ICE	अक्टूबर	110.44	117.12	6.05
सीपीओ	BMD	अक्टूबर	4,264.00	4,043.00	-5.18

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	11.08.22 क्वांटिटी	18.08.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	-	-	-
जौ	मी.टन	20	20	0
कैस्टर सीड	मी.टन	29,669	28,317	-1352
धनिया	मी.टन	9,636	9,521	-115
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	17,975	18,891	916
ग्वारगम	मी.टन	12,419	12,554	135
ग्वारसीड	मी.टन	17,552	18,267	715
जीरा	मी.टन	5,949	4,473	-1476
मक्का	मी.टन	0	0	0
सोयाबीन	मी.टन	139	139	0
हल्दी	मी.टन	3,543	3,503	-40

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	11.08.22 क्वांटिटी	18.08.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	3,379.16	3,276.96	-102
तांबा	मी.टन	39,72,227.00	40,26,870.00	54643
सोना	किग्रा	349.00	349.00	0
सोना गिनी	किग्रा	13,888.00	13,888.00	0
सोना मिनी	किग्रा	1,11,800.00	61,800.00	-50000
लेड	किग्रा	682.70	651.05	-32
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	1,36,578.62	1,54,820.40	18242
चांदी एम	किग्रा	24,672.58	24,672.58	0
जिंक	मी.टन	1,703.48	1,228.38	-475

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 11.08.22	स्टॉक की स्थिति 18.08.22	अंतर
एल्युमीनियम	2,82,700.00	2,76,875.00	-5,825
तांबा	1,30,250	1,28,875	-1,375
निकल	56,244	56,034	-210
लेड	38,800	39,050	250
जिंक	74,100	75,000	900

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	सितम्बर	25395.00	11.05.22	तेजी	21200.00	24350.00	-	24300.00
NCDEX	हल्दी	सितम्बर	7362.00	07.08.22	मंदी	7464.00	-	7470.00	7500.00
NCDEX	ग्वारसीड	सितम्बर	4725.00	30.05.22	मंदी	6000.00	-	4970.00	5000.00
NCDEX	कैस्टरसीड	सितम्बर	7582.00	14.07.22	तेजी	7270.00	7330.00	-	7300.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	सितम्बर	2669.00	04.04.22	मंदी	3200.00	-	2870.00	2900.00
MCX	कॉटन	अक्टूबर	40220.00	07.08.22	तेजी	46820.00	39200.00	-	39000.00
MCX	मेंथा ऑयल	अगस्त	973.50	23.05.22	मंदी	1080.00	-	1024.00	1030.00
MCX	**बुलडेक्स**	**सितम्बर**	**14254.00**	**17.08.22**	**मंदी**	**14300.00**	**-**	**14470.00**	**14500.00**
MCX	**चांदी**	**सितम्बर**	**56443.00**	**17.08.22**	**मंदी**	**57500.00**	**-**	**57300.00**	**57500.00**
MCX	**सोना**	**अक्टूबर**	**51603.00**	**17.08.22**	**मंदी**	**51900.00**	**-**	**52650.00**	**52700.00**
MCX	मेटलडेक्स	सितम्बर	17320.00	23.06.22	साइडवेज	1796.30	17000.00	17900.00	-
MCX	तांबा	अगस्त	670.75	27.07.22	तेजी	770.00	652.00	-	650.00
MCX	लेड	अगस्त	183.85	08.08.22	तेजी	181.00	179.50.	-	179.00
MCX	जिंक	अगस्त	314.70	27.07.22	तेजी	275.00	302.00	-	300.00
MCX	एल्युमिनियम	अगस्त	210.80	27.07.22	तेजी	208.00	203.00	-	200.00
MCX	कच्चा तेल	अगस्त	7269.00	23.06.22	मंदी	8222.00	-	7650.00	7700.00
MCX	नेचुरल गैस	अगस्त	742.50	15.07.22	तेजी	520.00	675.00	-	670.00

*18/08/2022 का बंद भाव

नोट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

सोना (अक्टूबर) एमसीएक्स

ग्वारगम (सितम्बर) एनसीडीईएक्स

तांबा (अगस्त) एमसीएक्स

सोना (अक्टूबर) एमसीएक्स

एमसीएक्स में सोना (अक्टूबर) कॉन्ट्रैक्ट 18 अगस्त 2022 को 51603.00 रू पर बंद हुआ। 05 जुलाई 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 52650.00 रू के उच्च स्तर पर था। 05 अगस्त 2022 को 49795.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 49.031 है। 52100.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 50900.00 रू के टारगेट के लिए 51700.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

ग्वारगम (सितम्बर) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में ग्वारगम (सितम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 18 अगस्त 2022 को 8685.00 रू पर बंद हुआ। 13 जुलाई 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 10375.00 रू के उच्च स्तर पर था जबकि 11 अगस्त 2022 को 8280.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 39.653 है। 8450.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 9200.00 रू के टारगेट के लिए 8700.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

तांबा (अगस्त) एमसीएक्स

एमसीएक्स में तांबा(अगस्त) कॉन्ट्रैक्ट 18 अगस्त 2022 को 670.75 रू पर बंद हुआ। 22 जून 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 730.50 रू के उच्च स्तर पर था। 15 जुलाई 2022 को 602.15 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 53.399 है। 650.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 685.00 रू के टारगेट के लिए 660.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

हल्दी (सितम्बर) की कीमतों के नमी के रूझान के साथ 6800-7650 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। पिछले हफ्ते उच्च स्तर पर बिकवाली के दबाव और बेहतर बुवाई की रिपोर्ट के कारण कीमतें 10 महीने के निचले स्तर पर आ गई थी। आंध्र प्रदेश कृषि विभाग के अनुसार, 27 जुलाई तक राज्य में हल्दी की बुवाई की पिछले वर्ष की समान अवधि के 7,764 हेक्टेयर की तुलना में लगभग 7,958 हेक्टेयर में हुई है। पर्याप्त स्टॉक और अच्छी बुवाई रिपोर्ट के कारण हल्दी की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। व्यापार विश्लेषकों के अनुसार, हल्दी की स्थानीय मांग कम है और यह बताया गया है कि दक्षिण भारत में इस सीजन में हल्दी की अच्छी बुवाई हुई है, जिसके बाद इसकी कीमतों पर दबाव देखा जा रहा है। प्रमुख खपत केंद्रों के खरीदार दूर रह रहे हैं। वे अपनी अल्पकालिक मांग के अनुसार हल्दी खरीद रहे हैं। सितंबर के बाद नई मांग आएगी।

जीरा वायदा (सितम्बर) की कीमतों में पिछले सप्ताह बढ़ोतरी हुई क्योंकि मंडियों में कम आवक और किसानों एवं स्टॉकिस्टों द्वारा स्टॉक रोक कर रखने से जीरा की कम आपूर्ति के कीमतों को मदद मिल रही हैं। कीमतों को सपोर्ट 23500 के स्तर पर है जबकि रेजिस्टेंस 25700 के स्तर पर है। अखिल भारतीय स्तर पर जीरा की मंडी आवक पिछले महीने की तुलना में 10% कम हुई। व्यापार विश्लेषकों के अनुसार, खरीदार उच्च स्तर पर अपनी खरीदारी करने के लिए अनिच्छुक है। लेकिन कीमतों में मौजूदा स्तर से कोई बड़ी गिरावट देखने को संभावना नहीं है क्योंकि जीरा ने निर्यात के मोर्चे पर अच्छी मांग को आकर्षित किया है। वर्तमान में, कम उत्पादन अनुमान और व्यापारियों के पास कम स्टॉक पर कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 78% अधिक हैं। गुजरात सरकार द्वारा जारी चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार कम बुवाई के कारण राज्य में जीरा उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 45% गिरकर 2.22 लाख टन होने की संभावना है।

मिले-जुले फंडामेंटल के कारण धनिया वायदा (सितम्बर) की कीमतें 10800-12200 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। विदेशों में कमजोर मांग होने के साथ-साथ स्थानीय मांग के भी कमजोर रहने हाजिर बाजारों में कीमतों में गिरावट हो सकती है, जबकि सीमित आपूर्ति के बीच कम उत्पादन रिपोर्ट से कीमतों को मदद मिल सकती है। दक्षिण भारत के खरीदारों के साथ-साथ स्थानीय प्रोसेसरों ने भी फिलहाल अपनी खरीदारी कम कर दी है, इसलिए धनिया की कीमतें स्थिर हैं। खरीदार इसकी कीमतों में अधिक गिरावट की आशंका में बाजार से दूरी बनाए हुए है। बाजार सूत्रों के मुताबिक, आयातित धनिया का स्टॉक अब कम है और घरेलू धनिया की कीमतों में तेजी आई है। वर्तमान में कीमतें कम निर्यात के बावजूद कीमतें वर्ष-दर-वर्ष लगभग 56% अधिक हैं। भारत ने पिछले वर्ष के 2.4 हजार टन की तुलना में वर्ष 2022 में मई तक लगभग 11.5 हजार टन धनिया का आयात किया है।

अन्य कमोडिटीज

हरियाणा और पंजाब में कीटों के हमले से फसलों को हुए नुकसान की खबरों के बाद सटोरियों की खरीदारी के कारण कॉटन की कीमतों में तेजी जारी रही। फसल के नुकसान की चिंता और महाराष्ट्र में लगातार बारिश के कारण फिर से बुवाई और उपज के नुकसान की उभरती संभावनाएं कीमतों में मजबूती का समर्थन करेंगी। लेकिन अनुकूल मौसम पूर्वानुमान के मद्देनजर बढ़त सीमित रहने की संभावना है जो चल रही बुवाई की प्रगति और फसल के स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान करेगा। 19 अगस्त तक लगभग 123 लाख हेक्टेयर में कपास की बुआई हुई थी, जो पिछले वर्ष के 116 लाख हेक्टेयर की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 6% अधिक है।। उच्च स्तर पर सुस्त मांग अत्यधिक बढ़त को सीमित कर देगी। एमसीएक्स कॉटन सितंबर वायदा की कीमतों को 43700 के करीब रेजिस्टेंस का सामना करने की संभावना है और जब तक फसल के बारे में स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आती है, तब तक कुछ मजबूती देखने को मिल सकती है।

सुस्त घरेलू मांग के कारण कॉटनसीडऑयल केक (सितंबर) वायदा कीमतों में गिरावट के साथ कारोबार हुआ । चारा उद्योग और स्टॉकिस्टों की मांग सीमित है क्योंकि वे बाजार में उचित गुणवत्ता वाले कॉटनसीडऑयल केक की कम उपलब्धता के कारण आवश्यकतानुसार खरीदरी करना पसंद कर रहे हैं। फसल की बेहतर स्थिति और कपास के बढ़ते रकबे की खबरों ने भी खरीदारों को सक्रिय खरीदारी से दूर रखा है। आने वाले हफ्तों में कीमतों में 2800 स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 2550 तक गिरावट होने की संभावना है।

बिकवाली के बढ़ते दबाव से मेंथा तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही। प्रचुर मात्रा में स्टॉक और सीमित औद्योगिक खरीदारी के कारण आने वाले हफ्तों में कीमतों में गिरावट जारी रह सकती है और कीमतों 930-950 के करीब सपोर्ट मिल सकता है और वर्ष 2022 में कम उत्पादन अनुमानों के कारण नई खरीदारी देखने को मिल सकती है।

आगामी सीजन के लिए बेहतर उत्पादन अनुमान के कारण एनसीडीईएक्स पर ग्वारसीड वायदा (सितंबर) की कीमतों में गिरावट जारी रही जबकि सुस्त निर्यात पूछताछ के कारण ग्वार गम की कीमतों में गिरावट हुई। फसल की स्थिति में सुधार और राजस्थान में ग्वार सीड के अधिक रकबे की रिपोर्ट से ग्वारसीड की कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना है। 18 अगस्त तक राजस्थान में ग्वारसीड का उत्पादन क्षेत्र पिछले वर्ष के 20.1 लाख हेक्टेयर की तुलना में 52% बढ़कर 30.6 लाख हेक्टेयर हो गया है। ग्वारसीड की कीमतों को 4500 के स्तर पर मजबूत समर्थन मिलने की संभावना है जबकि ग्वारगम वायदा की कीमतों को 8200 के स्तर पर समर्थन रह सकता है।

घरेलू बाजार में आपूर्ति की कमी को लेकर मौजूदा चिंताओं के कारण अरंडी वायदा कीमतों में तेजी दर्ज की गई गुजरात और राजस्थान में अत्यधिक बारिश से फसल खराब होने की आशंका से भी कीमतों को मदद मिली। कीमतों को 7700 के करीब रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि तेल की सीमित निर्यात मांग और गुजरात और राजस्थान में अरंडी के बढ़ते उत्पादन क्षेत्र से अत्यधिक बढ़त पर अंकुश लगेगा। गुजरात में 15 अगस्त,22 तक अरंडी का उत्पादन क्षेत्र साल-दर-साल 28% बढ़कर 4.17 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है।

सर्राफा

डॉलर के मजबूत होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में अधिक बढ़ोतरी की संभावनाओं के कारण सोने की कीमतें तीन सप्ताह के निचले स्तर पर फिसल गई और पांच में पहली साप्ताहिक गिरावट दर्ज की । सप्ताह दर सप्ताह सोने की कीमतों में 2.5% से अधिक की गिरावट हुई है जिससे कीमतें 29 जुलाई के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गई। बाजार ब्याज दरों के और ऊपर जाने की उम्मीद कर रहे हैं और निश्चित रूप से मजबूत डॉलर इस समय सोने की कीमतों पर दबाव डाल रहा है। डॉलर अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले एक महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जिससे अन्य मुद्राएं रखने वाले खरीदारों के लिए सोना अधिक महंगा हो गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों के एक समूह ने कहा है कि फेड को उच्च मुद्रास्फीति को नियंत्रण में लाने के लिए उधार की लागत बढ़ाने की जरूरत है, यहां तक कि उन्होंने बहस की है कि उन्हें दरों को कितनी तेजी से और कितना बढ़ाना है। सेंट लुइस फेड के अध्यक्ष जेम्स बुलार्ड ने कहा कि वह वर्तमान में सितंबर में लगातार तीसरी बार दरों में 75- बेसिस प्वाइंट की वृद्धि का समर्थन करने की ओर बढ़ रहे है। सोना अमेरिका की बढ़ती ब्याज दरों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है, क्योंकि इससे गैर-यील्ड वाले बुलियन रखने की अवसर लागत बढ़ जाती है। जुलाई की बैठक के मिनट में, फेड अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में दरों में बढ़ोतरी की गति आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की जुलाई की बैठक के मिनट से पता चला कि दरों में अधिक बढ़ोतरी पाइपलाइन में थी, लेकिन यह भी संकेत दिया कि फेड अधिकारियों ने अधिक स्पष्ट रूप से जोखिम को स्वीकार करना शुरू कर दिया है कि वे बहुत दूर जा सकते हैं और आर्थिक गतिविधि पर अंकुश लगा सकते हैं। इस सप्ताह में, सोने की कीमतों में बिकवाली का दबाव देखने को मिल सकता है और कीमतें 50200-52500 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चांदी की कीमतों में भी मंदी के रुझान के साथ कारोबार जारी रह सकता है, जहां कीमतें 54200-57500 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

इस साल के अंत में सख्त आपूर्ति की उम्मीद के मुकाबले कारोबारियों द्वारा वैश्विक आर्थिक मंदी के बारे में चिंताओं, जिससे ईंधन की मांग कम हो सकती है, से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट हुई। कुछ स्थानों पर मंदी के संकेत के कारण ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें फरवरी के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के बेहतर रहने के एक और दौर के बाद कच्चे तेल की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद से तेल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। बेरोजगारी लाभ के लिए नए दावे दाखिल करने वाले अमेरिकियों की संख्या पिछले सप्ताह कम हो गई और पूर्व अवधि के आंकड़ों को भी संशोधित करके तेजी से कम किया गया, जिससे पता चलता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण धीमी गति के बावजूद श्रम बाजार की स्थिति बेहतर बनी हुई है। ओपेक के नए महासचिव, हैथम अल घैस ने बताया कि नीति निर्माताओं, सांसदों और तेल और गैस क्षेत्र में अपर्याप्त निवेश को उच्च ऊर्जा कीमतों के लिए दोषी है, न कि कार्टेल । अल घैस ने कहा कि सितंबर में होने वाली अगली बैठक में, ओपेक +, जिसमें रूस जैसे अन्य तेल आपूर्तिकर्ता शामिल हैं, यदि आवश्यक हुआ तो उत्पादन में कटौती कर सकता है, और यदि आवश्यक हुआ तो हम उत्पादन बढ़ा सकते हैं। रूसी तेल निर्यात पर यूरोपीय संघ द्वारा प्रतिबंध नाटकीय रूप से आपूर्ति को कम कर सकता है और आने वाले महीनों में कीमतों को मदद मिल सकती है। इस सप्ताह में, कच्चे तेल की कीमतों में दोनों तरफ की हलचल जारी रह सकती है, जहां कीमतों को 6950 के पास सपोर्ट मिल सकता है और 7450 के स्तर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। काउंटर में उच्च अस्थिरता की उम्मीद है। नेचुरल गैस बाजारों ने शुरू में तेजी करने की कोशिश की लेकिन कुछ बढ़त कम हो गई क्योंकि ऐसा लगता है कि हम अंततः गुरुत्वाकर्षण के प्रभावों को देखना शुरू कर रहे हैं। बाजार में कीमतों के 9.50 डॉलर के क्षेत्र में बने रहने की बहुत संभावना है, और इसमें थोड़ा सा गिरावट देखने की भी संभावना है। इस सप्ताह नेचुरल गैस की कीमतें 700-750 के स्तर के दायरे में कारोबार करना जारी रख सकती हैं।

बेस मेटल

व्यापक आर्थिक दबाव के बने रहने के कारण मांग की चिंताओं की तुलनामें आपूर्ति जोखिम अधिक होने के कारण बेस मेटल की कीमतों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव कम नहीं हो रहा है, यह सुझाव देता है कि ब्याज दरों में वृद्धि जारी रहेगी। लेकिन सबसे बड़ा धातु उपभोक्ता चीन में केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति में ढील दे रहा है, जबकि तांबे का भंडार कम है और आयात प्रीमियम से पता चलता है कि मांग बढ़ रही है। कम भंडार और चीनी मांग की उम्मीदों से कीमतों को मदद मिलना चाहिए। यांगशान तांबे का आयात प्रीमियम बढ़कर 102.50 डॉलर प्रति टन हो गया है, जो दिसंबर के बाद सबसे अधिक है और इस साल की शुरुआत में केवल 6.50 डॉलर से ऊपर है। तांबे की कीमतें अधिक अस्थिरता के साथ 640-690 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीन द्वारा बुनियादी ढांचे के खर्च में वृद्धि और संपत्ति क्षेत्र के लिए समर्थन से धातुओं को मदद मिलनी चाहिए, लेकिन बढ़त सीमित रह सकती है। ऊर्जा की ऊंची कीमतों के कारण यूरोप में जिंक स्मेल्टर और एल्युमीनियम स्मेल्टर को पिछले सप्ताह बंद करने की घोषणा की गई थी। मोटे तौर पर लगभग 14 मिलियन टन के जिंक बाजार में इस वर्ष 197,000 टन और 2023 में 190,000 टन जिंक की कमी का पूर्वानुमान है और कहा गया है कि कीमतें तीन महीने के भीतर 3,800 डॉलर तक पहुंचनी चाहिए। जिंक की कीमतों में तेजी के रुझान के साथ कारोबार जारी रह सकता है, जहां इसे 305 के पास सपोर्ट मिल सकता है और 328 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। लेड की कीमतें 178-186 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। चीन में एल्युमीनियम का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिससे जुलाई में चीन के एल्युमीनियम आयात में साल-दर-साल 38% की गिरावट आई है। एल्युमीनियम की कीमतों में ऊंचे स्तरों से बिकवाली देखने को मिल सकती है और कीमतें 220-200 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

चतुर्थ अग्रिम अनुमान 2021-22.....नए रिकॉर्ड की ओर

जैसा कि यूक्रेन और अन्य जगहों पर संघर्ष, महामारी से आजीविका में व्यवधान, बढ़ती खाद्य और ऊर्जा की कीमतों से बाजार में अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन के कारण खराब मौसम जैसे वैश्विक झटकों के कारण दुनिया खाद्य संकट के अनिश्चित समय का सामना कर रही है, लेकिन हमारे किसान अपनी कड़ी मेहनत से सबसे अधिक दृढ़ता को साबित कर रहे हैं और हमें खाद्य संकट से पर्याप्त सुरक्षा प्रदान कर रहे है और हमें दुनिया का पोषण करने के लिए खाद्य भंडार की आपूर्ति करने में सक्षम बनाया है।

2021-22 के चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 315.72 मिलियन टन होने का अनुमान है जो 2020-21 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 4.98 मिलियन टन अधिक है। 2021-22 के दौरान उत्पादन पिछले पांच वर्षों (2016-17 से 2020-21) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 25 मिलियन टन अधिक है। कृषि मंत्रालय के अनुसार 2021-22 के दौरान चावल, मक्का, चना, दलहन, सरसों, तिलहन और गन्ना जैसी फसल का रिकॉर्ड उत्पादन होने का अनुमान है।

यह रिकॉर्ड उत्पादन साफतौर पर भारत के किसानों, जिन्होनों खरीफ के साथ-साथ रबी सीजन में अधिक क्षेत्र में बुवाई की, की अथक मेहनत और उनके साहस, कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान तथा केंद्र सरकार की किसान हितैषी सुविचारित नीतियों का परिणाम है।

वर्ष 2021-22 के दौरान चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार, मुख्य फसलों के अनुमानित उत्पादन इस प्रकार है:

- वर्ष 2021-22 के दौरान चावल का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 130.29 मिलियन टन होने का अनुमान है। यह विगत पांच वर्षों के 114.44 मिलियन टन के औसत उत्पादन की तुलना में 13.85 मिलियन टन अधिक है।
- वर्ष 2021-22 के दौरान गेहूं का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 106.84 मिलियन टन होने का अनुमान है। यह पिछले पांच वर्षों के 103.88 मिलियन टन के औसत उत्पादन की तुलना में 2.96 मिलियन टन अधिक है। लेकिन फसल वर्ष 2020-21 की तुलना में लगभग 3% कम हुआ है।
- इसी प्रकार, जौ, बाजरा, मक्का और रागी जैसे पोषक/मोटे अनाजों का उत्पादन 50.90 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 के उत्पादन 51.32 मिलियन टन से कम है। इसके अलावा, यह पिछले पांच वर्षों के औसत उत्पादन 46.57 मिलियन टन की तुलना में भी 4.32 मिलियन टन अधिक है।



* चतुर्थ अग्रिम अनुमान 2020-21 स्रोत: कृषि मंत्रालय

- आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए एक प्रमुख प्रोत्साहन के रूप में पिछले फसल वर्ष में अनुमानित 25.46 मीट्रिक टन की तुलना में 2021-22 फसल वर्ष में दलहन उत्पादन में 27.69 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई। यह पिछले पांच वर्षों के औसत उत्पादन 23.82 मिलियन टन से 3.87 मिलियन टन अधिक है।
- वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कुल तिलहन उत्पादन रिकॉर्ड 37.70 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 के उत्पादन 35.95 मिलियन टन की तुलना में 1 75 मिलियन टन अधिक है। इसके अलावा, वर्ष 2021-22 के दौरान तिलहनों का उत्पादन पिछले पांच वर्षों के औसत उत्पादन से 5.01 मिलियन टन अधिक है।
- वर्ष 2021-22 के दौरान देश में गन्ने का उत्पादन 431.81 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो पिछले पांच वर्षों के औसत उत्पादन 373.46 मिलियन टन की तुलना में 58 35 मिलियन टन अधिक है।
- कपास का उत्पादन 31.20 मिलियन गांठ(प्रति 170 किग्रा की एक गांठ) होने का अनुमान हैं जबकि पटसन एवं मेस्ता का उत्पादन 10.32 मिलियन गांठ(प्रति 180 किग्रा की गांठ) होने का अनुमान हैं।

पिछले 7 वर्षों में लगातार रिकॉर्ड उत्पादन के साथ, भारत के पास खाद्यान्न का आरामदायक भंडार है जो न केवल वर्तमान वैश्विक खाद्य संकट के खिलाफ आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है बल्कि दुनिया भी संकट से लड़ने के लिए भारत की ओर देख रही है। लेकिन, फसल वर्ष 2022-23 में भारत के खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में मानसून की वर्षा में कमी के कारण महत्वपूर्ण गिरावट देखने की संभावना है।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।